**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *135**
**(09 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत जॉब कार्ड हटाना**

***135. श्री लालजी वर्मा:**
**श्री सचिदानन्दम आर.:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत नामावली से हटाए गए जॉब कार्डों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और कुल संख्या कितनी है और जॉब कार्डों को हटाए जाने के क्या कारण हैं;

(ख) 10 अक्तूबर से 14 नवम्बर, 2025 के बीच महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत नामावली से हटाए गए कामगारों की राज्य-वार संख्या कितनी है और क्या यह सच है कि उक्त अवधि के दौरान 27 लाख मनरेगा कामगारों को नामावली से हटा दिया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक मनरेगा नामावली से हटाए गए मनरेगा कामगारों का ब्यौरा क्या है और मनरेगा नामावली से मनरेगा कामगारों को हटाए जाने की इतनी अधिक दर के राज्य-वार और वर्ष-वार, विशेषकर उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में क्या कारण हैं;

(घ) क्या कामगारों की उपस्थिति को डिजिटल रूप से दर्ज करने के लिए उपयोग की जाने वाली राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली और मजदूरी के वितरण के लिए उपयोग की जाने वाली आधार आधारित भुगतान प्रणाली के परिणामस्वरूप अनुमानित दो करोड़ कामगारों को पहले ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से बाहर कर दिया गया है;

(ङ) गलत तरीके से नाम हटाए जाने के विरुद्ध शिकायत करने के लिए क्या शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध है और ऐसी कितनी शिकायतों का समाधान किया गया है; और

(च) क्या सरकार ने गलत तरीके से हटाए गए जॉब कार्डों को बहाल करने और गलत तरीके से हटाए गए कामगारों की बहाली के लिए कोई दिशा-निर्देश जारी किए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री शिवराज सिंह चौहान)**

(क) से (च): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**लोक सभा में दिनांक 09.12.2025 को उत्तर दिये जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 135 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क): महात्मा गांधी नरेगा योजना एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है और इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। जॉब कार्ड को अद्यतन करना/हटाना राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए जाने वाली नियमित प्रक्रिया है। जॉब कार्ड मुख्य रूप से जाली/डुप्लीकेट/गलत जॉब कार्ड, परिवार को ग्राम पंचायत से स्थायी रूप से हटाने, ग्राम पंचायत को शहरी के रूप में वर्गीकृत करने और जॉब कार्ड में केवल एक सदस्य का नाम होने और उसकी मृत्यु होने आदि कारणों से हटाए जाते हैं। हालांकि, मज़दूरों को हटाते/जॉब कार्ड हटाते/मिटाते समय, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अधिनियम के नियमों और मंत्रालय द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करना होता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी पात्र या योग्य परिवार का जॉब कार्ड हटाया/निरस्त न किया जाए। महात्मा गांधी नरेगा योजना से वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक हटाए गए जॉब कार्डों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुबंध-I में दी गई है

नोट: नरेगासॉफ्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2019-20 से 2024-25 के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा हटाए किए गए जॉब कार्डों की कुल संख्या 457.97 लाख थी, जबकि इसी अवधि में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा जोड़े गए जॉब कार्डों की कुल संख्या 654.22 लाख थी।

(ख): महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत 10-10-2025 से 14-11-2025 के दौरान जॉब कार्ड से हटाए गए कामगारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है।

नोट: नरेगासॉफ्ट के अनुसार, 10-10-2025 से 14-11-2025 की अवधि के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा जोड़े गए कुल कामगारों की संख्या 10.84 लाख है।

(ग): महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वित्त वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान जॉब कार्ड से हटाए गए कामगारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध-III** में दी गई है।

नोट: नरेगासॉफ्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा जोड़े गए कुल कामगारों की संख्या 881.68 लाख थी।

इसी अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर और अयोध्या जिले, जिसका कुछ हिस्सा अंबेडकर नगर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है, में जॉब कार्ड से हटाए गए कामगारों की संख्या निम्नानुसार है:

| जिले | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| अंबेडकर नगर | 4757 | 5384 | 7934 | 150137 | 109539 |
| अयोध्या | 719 | 1976 | 1684 | 44361 | 62877 |
| **कुल** | **5476** | **7360** | **9618** | **194498** | **172416** |

(घ): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र 1 जनवरी, 2023 से एनएमएमएस के माध्यम से सभी कार्यों (व्यक्तिगत लाभार्थी कार्य को छोड़कर) के लिए एक दिन में कामगारों की दो-बार स्टैम्प वाली, जियो-टैग की गई फोटो के साथ राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) ऐप के माध्यम से कार्यस्थल पर उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे।

इसके अलावा, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत लाभार्थियों को मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और लाभार्थियों के बैंक खाता संख्या में बार-बार बदलाव और बाद में अद्यतन न होने के कारण उत्पन्न होने वाले मुद्दों के समाधान के लिए आधार भुगतान ब्रिज प्रणाली (एपीबीएस) को लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसे 1 जनवरी 2024 से अनिवार्य कर दिया गया है।

यहां उल्लेखनीय है कि एनएमएमएस और बैंक खाता के आधार से जुड़ें न होने के कारण जॉब कार्ड हटाए नहीं जा सकते।

(ङ) और (च): जॉब कार्ड हटाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने हाल ही में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दिनांक 25.01.2025 के पत्र के माध्यम से एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें जॉब कार्ड हटाने और वापस जोड़ने के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश हैं। मानक संचालन प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के दिशा निर्देशों का पालन हो, पारदर्शिता को बढ़ावा देती है, नाम हटाने की शर्तें तय करके कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा करती है, शिकायत निस्तारण प्रणाली बनाती है, और नाम

हटाने/निरस्त करने से पहले, अगर कोई लंबित देनदारी है तो उसका निस्तारण सुनिश्चित करती है।

मानक संचालन प्रक्रिया में उचित प्रक्रिया के महत्व पर ज़ोर दिया गया है, जिसमें हटाए जाने के लिए चिन्हित किए गए जॉब कार्ड की मसौदा सूची का प्रकाशन, ग्राम सभाओं में सत्यापन, और प्रभावित कामगारों के लिए अपील का अधिकार शामिल है। इसमें जाली और गलत प्रविष्टियों को खत्म करने के लिए जॉब कार्ड को आधार से जोड़ना भी अनिवार्य किया गया है। इन उपायों का उद्देश्य जॉब कार्ड के गलत उपयोग को रोकना है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि सही लाभार्थी बाहर न हो। मंत्रालय महात्मा गांधी नरेगा योजना की प्रामाणिकता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इस योजना का फ़ायदा पात्र ग्रामीण परिवारों तक पहुंचे।

इसके अलावा, वार्षिक मास्टर परिपत्र में नरेगासॉफ्ट में एक विशिष्ट शिकायत निस्तारण मॉड्यूल दिया गया है, जिससे कामगारों/नागरिकों को शिकायत दर्ज करने और जवाबों को ट्रैक करने की सुविधा मिलती है। इसके अलावा, इसमें लिखी हुई शिकायतें, टेलीफ़ोन हेल्पलाइन और "शिकायत रजिस्टर" (ग्राम पंचायत स्तर पर सात अनिवार्य रजिस्टर में से एक) में प्रविष्टि भी शामिल हैं।

केंद्रीकृत लोक शिकायत निस्तारण और निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) शिकायत दर्ज करने के लिए मौजूद मुख्य शिकायत निस्तारण प्रणाली में से एक है। यह एक ऑनलाइन मंच है जहाँ नागरिक मनरेगा योजना के कार्यान्वयन से जुड़ी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उनकी शिकायतों का अच्छे से समाधान हो गया है।

**लोकसभा में दिनांक 09.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 135 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I**

| महात्मा गांधी नरेगा से वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक हटाए गए जॉब कार्डों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | हटाए गए जॉबकार्डों की संख्या | | | | | |
| | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 24248 | 3426 | 185079 | 2882724 | 370326 | 148478 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 7311 | 6151 | 9596 | 8875 | 12869 | 15651 |
| 3 | असम | 65699 | 96586 | 76244 | 157138 | 282142 | 576220 |
| 4 | बिहार | 77290 | 182407 | 1273514 | 5870225 | 2112092 | 981284 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 129658 | 170304 | 139660 | 264839 | 294544 | 399026 |
| 6 | गोवा | 1 | 8 | 11 | 21 | 24 | 53 |
| 7 | गुजरात | 40314 | 131080 | 40289 | 146141 | 338533 | 53616 |
| 8 | हरियाणा | 5083 | 15413 | 8531 | 11028 | 8834 | 6237 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 4057 | 8000 | 10351 | 18119 | 15543 | 4559 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 33032 | 94078 | 37635 | 38388 | 73015 | 30123 |
| 11 | झारखंड | 50568 | 89427 | 228674 | 954252 | 324524 | 176956 |
| 12 | कर्नाटक | 27534 | 7197 | 41843 | 203185 | 96036 | 27286 |
| 13 | केरल | 17725 | 23773 | 27340 | 110722 | 218752 | 89300 |
| 14 | लद्दाख | 675 | 1336 | 889 | 1421 | 897 | 452 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 513979 | 1062861 | 1100109 | 366349 | 695278 | 51890 |
| 16 | महाराष्ट्र | 22105 | 48460 | 28201 | 72863 | 37625 | 26449 |
| 17 | मणिपुर | 3961 | 11126 | 4449 | 3153 | 5778 | 6395 |
| 18 | मेघालय | 8017 | 8119 | 5449 | 3832 | 15375 | 13181 |
| 19 | मिजोरम | 6607 | 9896 | 8580 | 4149 | 4902 | 9988 |
| 20 | नागालैंड | 9999 | 1136 | 1797 | 2528 | 3759 | 8999 |
| 21 | ओडिशा | 121028 | 313621 | 793292 | 2370031 | 523622 | 286009 |
| 22 | पंजाब | 16675 | 14330 | 65858 | 340659 | 69225 | 20981 |
| 23 | राजस्थान | 80406 | 117660 | 129285 | 634800 | 393797 | 55563 |
| 24 | सिक्किम | 1302 | 784 | 1343 | 1409 | 2133 | 1969 |
| 25 | तमिलनाडु | 33148 | 126017 | 155065 | 315049 | 653677 | 633820 |
| 26 | तेलंगाना | 4084 | 5282 | 15976 | 510683 | 84744 | 80166 |
| 27 | त्रिपुरा | 8571 | 8684 | 5951 | 5938 | 20798 | 8742 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 99849 | 201871 | 582074 | 4858064 | 3315158 | 91568 |
| 29 | उत्तराखंड | 7370 | 16508 | 26004 | 148098 | 44229 | 45150 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 10554 | 19374 | 27741 | 2177536 | 169691 | 9026 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 1930 | 1528 | 448 | 143 | 70 | 308 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और द्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 14 |
| 33 | लक्षद्वीप | 2 | 1 | 8 | 18 | 52 | 37 |
| 34 | पुदुचेरी | 126 | 245 | 258 | 4394 | 606 | 480 |
| | **कुल** | **1432908** | **2796689** | **5031544** | **22486774** | **10188652** | **3859976** |

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)

**लोकसभा में दिनांक 09.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 135 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-।।**

| **महात्मा गांधी नरेगा से दिनांक 10-10-2025 से 14-11-2025 के दौरान हटाए गए कामगारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या।** | | |
|---|---|---|
| **क्रं. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **हटाए गए** कामगारों **की संख्या** |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 130 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1107339 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 896 |
| 4 | असम | 6920 |
| 5 | बिहार | 9610 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 65619 |
| 7 | गोवा | 2 |
| 8 | गुजरात | 5433 |
| 9 | हरियाणा | 309 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 9877 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 79070 |
| 12 | झारखंड | 2724 |
| 13 | कर्नाटक | 27004 |
| 14 | केरल | 20124 |
| 15 | लद्दाख | 604 |
| 16 | लक्षद्वीप | 18 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 5327 |
| 18 | महाराष्ट्र | 15061 |
| 19 | मणिपुर | 1111 |
| 20 | मेघालय | 532 |
| 21 | मिजोरम | 1480 |
| 22 | नागालैंड | 1254 |
| 23 | ओडिशा | 80896 |
| 24 | पुदुचेरी | 3 |
| 25 | पंजाब | 16898 |
| 26 | राजस्थान | 13701 |
| 27 | सिक्किम | 1543 |
| 28 | तमिलनाडु | 33090 |
| 29 | तेलंगाना | 95084 |
| 30 | त्रिपुरा | 6341 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 17236 |
| 32 | उत्तराखंड | 6526 |
| **कुल योग** | | **1631762** |

**लोकसभा में दिनांक 09.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 135 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-।।।**

| महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वित्त वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान जॉब कार्ड से हटाए गए कामगारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या। | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | हटाए गए कामगारों की संख्या | | | | |
| | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 211267 | 181014 | 618582 | 7517856 | 1096736 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 28621 | 23422 | 35053 | 34433 | 58257 |
| 3 | असम | 227261 | 268422 | 345666 | 608253 | 792138 |
| 4 | बिहार | 147381 | 267823 | 2002521 | 8900402 | 3178680 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 501629 | 639811 | 540686 | 1186037 | 1395412 |
| 6 | गोवा | 2 | 14 | 22 | 24 | 34 |
| 7 | गुजरात | 154654 | 435435 | 143195 | 559478 | 975994 |
| 8 | हरियाणा | 14281 | 30479 | 17023 | 17997 | 18939 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 18855 | 34197 | 45819 | 78439 | 77015 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 92619 | 255607 | 112814 | 107120 | 212281 |
| 11 | झारखंड | 109402 | 182440 | 462251 | 2030163 | 654727 |
| 12 | कर्नाटक | 123550 | 57101 | 250665 | 855967 | 547661 |
| 13 | केरल | 49287 | 55289 | 72189 | 348598 | 540033 |
| 14 | लद्दाख | 2480 | 3303 | 2686 | 7130 | 3209 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 1813001 | 3823679 | 4540607 | 1471373 | 2698235 |
| 16 | महाराष्ट्र | 98526 | 210868 | 229270 | 428628 | 227851 |
| 17 | मणिपुर | 29830 | 64315 | 54240 | 90027 | 127349 |
| 18 | मेघालय | 34042 | 31556 | 20707 | 20466 | 118486 |
| 19 | मिजोरम | 31245 | 35061 | 20414 | 10269 | 15010 |
| 20 | नागालैंड | 41988 | 4934 | 7630 | 15155 | 21754 |
| 21 | ओडिशा | 441314 | 1097748 | 2605164 | 7686413 | 1499868 |
| 22 | पंजाब | 35200 | 33095 | 128296 | 598046 | 127741 |
| 23 | राजस्थान | 537168 | 818142 | 793487 | 3046893 | 2151059 |
| 24 | सिक्किम | 3638 | 3122 | 4623 | 4528 | 8792 |
| 25 | तमिलनाडु | 121125 | 417563 | 440825 | 782200 | 1690416 |
| 26 | तेलंगाना | 11135 | 129577 | 61278 | 1723810 | 302478 |
| 27 | त्रिपुरा | 29185 | 35817 | 29874 | 37486 | 103710 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 202170 | 398460 | 1097908 | 8024982 | 5600653 |
| 29 | उत्तराखंड | 18523 | 48363 | 66235 | 355786 | 124556 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 93725 | 130301 | 157309 | 8340066 | 603689 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 3394 | 3324 | 909 | 320 | 190 |
| 32 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और द्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 145 |
| 33 | लक्षद्वीप | 2 | 2 | 11 | 63 | 86 |
| 34 | पुदुचेरी | 683 | 1374 | 1865 | 49528 | 2068 |
| | **कुल** | **5227183** | **9721658** | **14909824** | **54937936** | **24975252** |